# अमेरकि की बेगर-दाय-नेबर नीति

**[स्रोत: द हिंदू](#)**

अमेरिका ने **बेगर-दाय-नेबर (Beggar-thy-Neighbour) नीति** के तहत **चीन, कनाडा और मैक्सिको** से होने वाले आयात पर **प्रशुल्क** लगाया।

- **'बेगर-दाय-नेबर' नीति:** यह एक संरक्षणवादी रणनीति है जिसमें **अन्य देशों को प्रभावित करते हुए** अपनी **आर्थिक स्थिति में सुधार लाने** हेतु **व्यापार अवरोधों, मुद्रा अवमूल्यन और सब्सिडी** जैसे उपाय करना शामिल है।
- **उत्पत्ति:** यह पद सर्वप्रथम **एडम स्मिथ** द्वारा **द वेल्थ ऑफ नेशंस (1776)** पुस्तक में सृष्ट किया गया था। **इस रचना में स्मिथ ने ऐसे वाणिज्यवाद की आलोचना की** जिससे **अन्य वर्ग निर्धन** हो जाता है और सभी देशों के लाभ के लिये **मुक्त व्यापार** किये जाने पर ज़ोर दिया।
- **समर्थकों के तर्क:** इसके समर्थकों के अनुसार यह नीति **महत्त्वपूर्ण उद्योगों** और **नौकरियों** की रक्षा कर **घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने** में सहायक है।
  - मुद्रा अवमूल्यन से **निर्यात लागत कम हो सकती है और आयात कीमतें बढ़ सकती हैं**, जिसके परिणामस्वरूप संभवतः **व्यापार अधिशेष** हो सकता है।
- **आलोचकों के तर्क:** ऐसी नीतियाँ लागू करने वाले देशों को अक्सर **रीटैल्यटॉरी टैरिफ का सामना करना पड़ता है**, जिससे **वैश्विक व्यापार और निवेश** में गिरावट आती है। उदाहरण के लिये, **महामंदी (1929-39)**।
  - इससे घरेलू उत्पादकों को लाभ होगा, लेकिन **विदेशी प्रतिस्पर्द्धा कम होने** से कीमतें बढ़ने के कारण **उपभोक्ताओं** को नुकसान होगा।
- **वैकल्पिक दृष्टिकोण:** देशों को **जवाबी कार्रवाई से बचना चाहिये** तथा इसकी जगह **एकतरफा मुक्त व्यापार** अपनाना चाहिये।

**और पढ़ें:** व्यापार युद्ध

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/beggar-thy-neighbour-policy